पंजीकरण सांख्य - 966/2007-08







# दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति

**दीनदयाल धाम फरह, मथुरा (उ.प्र.), पिन कोड - 281122**

**ईमेल** : deendayalgaushala@gmail.com
**वेबसाइट :** www.deendayalkamdhenu.in

## ANNUAL ACTIVITIES REPORT 2022-23

## वार्षिक गतिविधियाँ 2022-23




विश्व युवा कौशल दिवस

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा



विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2022 सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल धाम में मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी "कौशल से ही होगा युवा कुशल" विषय पर आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्रशेखर एवं विशिष्ट अतिथि पूरन डाबर जी, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, श्री शिवशंकर शर्मा, डॉ हरिराम भदौरिया , डॉ. हेमेंद्र यादव, एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे इस संगोष्ठी में विभिन्न स्कूल/कॉलेजों के छात्र भी उपस्थित रहे।





**वृक्षारोपण**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा





दीनदयाल धाम फरह, मथुरा में समिति के द्वारा अगस्त मास में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतरगत विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए।



**कृषक गोष्ठी**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा





22 से 25 सितंबर तक दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव के दौरान कृषक गोष्ठी एवं मेले का आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी मैं मुख्य वक्ता के रूप में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी को संबोधित किया। आगरा, मथुरा से आये हजारो कृषकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम , मेले में स्टॉल , गोष्ठी , प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।





**स्वदेशी केंद्र शुभारंभ**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा

दीनदयाल कामधेनु गौशाला फार्मेसी के द्वारा दिनाक 12 अक्टूबर को बुलंदशहर में दीनदयाल स्वदेशी केंद्र का शुभारंभ हुआ । इस केंद्र का उद्घाटन क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी एवं डॉ. हेमेंद्र यादव जी द्वारा किया गया । इस केंद्र पर फार्मेसी द्वारा पंचगव्य निर्मित उत्पाद एवं आयुर्वेदिक केमिकल रहित उत्पाद सभी के लिए उपलब्ध है ।










**धनवंतरी दिवस**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा







धनवंतरी दिवस 23 अक्टूबर 2022 को समिति द्वारा दीनदयाल धाम गौशाला फार्मसी कार्यालय पर पूजन कर मनया गया। सभी ने प्रभु से सुख शांति की प्रार्थना की और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।



गौपाष्टमी उत्सव

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा










गौपाष्टमी के अवसर पर दिनांक 1 नवंबर 2022 को निर्माणाधीन गऊ ग्राम परखम में हवन एवं गौ पूजन किया गया। श्रीमान महेंद्र जी, हरिशंकर जी, डॉ हरिराम भदौरिया, संजय शर्मा द्वारा हवन किया गया। दीनदयाल धाम फरह, मथुरा परिसर में इस अवसर पर एक संगोष्ठी ,प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया । संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में विजय कोशल जी महाराज, के.एन.ई राघवन, महेंद्र जी, श्री शिवशंकर शर्मा, पूरन डाबर आदि उपस्थित रहे । अंत्योदय पत्रिका का विमोचन भी मंचासीन अधिकारियों द्वारा किया गया । इस पत्रिका के संपादक डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. सीमा, आनंद शर्मा नै सहयोग किया।

**व्यवसाय विकास गोष्ठी**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा









दीनदयाल कामधेनु गौशाला फार्मेसी द्वारा व्यवसाय विकास गोष्ठी एवं नए उत्पाद प्रमोचन कार्यक्रम एमपीएस कॉलेज सिकंदरा में 30 नवंबर को आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में अनेक प्रदेशों से आए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने सहभागिता की । इस अवसर पर फार्मेसी द्वारा बनाए जा रहे नए उत्पादों का प्रमोचन डॉ दिनेश जी, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, मनोज जी, हरिशंकर शर्मा, श्रीमान चंद्रशेखर, डॉ. हेमेंद्र द्वारा किया गया।

**व्यवसाय विकास गोष्ठी**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा











**गौ सेवक का प्रशिक्षण कार्यकर्म**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा







गौ सेवको का प्रशिक्षण कार्यक्रम दीनदयाल धाम फरह, मथुरा में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक समिति द्वारा आयोजित किया गया । विभिन्न प्रांतों से आए गौ सेवको को इस अवसर पर प्रशिक्षित किया गया ।



व्यवसाय विकास गोष्ठी

## दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा




दीनदयाल कामधेनु गौशाला फार्मेसी द्वारा एक दिवसीय व्यवसाय विकास गोष्ठी 15 दिसंबर को लाला रामकिशन धर्मशाला पिनाहट में आयोजित की गई। इस गोष्ठी में व्यवसाय को कैसे बढ़ाया जाए इस विषय पर डॉ. हेमेंद्र यादव, डॉ. अनुराग शर्मा और गौसेवा प्रमुख श्री मनोज जी द्वारा विचार व्यक्त किए गए। पिनाहट और आस पास के क्षेत्र के लोगो ने इस गोष्ठी में सहभागिता की।







स्वदेशी केंद्र शुभारंभ

## दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा










दीनदयाल स्वदेशी केंद्र का शुभारंभ लोहामंडी बोदला रोड आगरा पर क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, हरिशंकर शर्मा जी द्वारा किया गया । इस केंद्र पर दीनदयाल धाम ,फरह के पंचगव्य निर्मित गौमय उत्पाद एवं केमिकल रहित आयुर्वेद उत्पाद उपलब्ध रहेंगे । इस अवसर पर मेयर नवीन जैन, प्रमोद चौहान, सुधीर गोयल, शशिकांत गुप्ता, शिवशंकर शर्मा, डॉ. हेमेंद्र, डॉ. अनुराग, नितिन बहल एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे ।

संगोष्ठी एवं सेमिनार
विषय: गौवंश से ऊर्जा

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा










दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वाधान में 3 दिवसीय गोष्ठी एवं सेमिनार दिनांक 27-28-29 जनवरी 2023 को  कैलाश मानसरोवर, गाजियाबाद में आयोजित की गयी। इस आयोजन का विषय "गौवंश से ऊर्जा " रहा । इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ओएनजीसी के चेयरमैन श्रीमान अरुण कुमार सिंह, भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त श्रीमान अभिजीत मित्र ने सभी को सम्बोधित किया। श्रीमान महेंद्र गुप्ता अध्यक्ष दीनदयाल गौशाला समिति, श्रीमान प्रमोद शर्मा, श्रीमान के.एन.ई राघवन, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, डॉ. हेमेंद्र, अभिषेक गौड़, मयंक गोयल, शशिकांत गुप्ता, संजय शर्मा, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों से आए वैज्ञानिक,शोधकर्ताओं द्वारा अपने रिसर्च पेपर को  प्रस्तुत भी किया गया।

संगोष्ठी एवं सेमिनार
विषय: गौवंश से ऊर्जा

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा















**प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति अनावरण**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा











दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति द्वारा नवनिर्माणधीन गऊ ग्राम परखम में तीन दिवसीय (दिनांक 16 - 18 फरवरी) शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंडित दीनदयाल जी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस अवसर पर एक कलश यात्रा भी स्थानीय नागरिकों द्वारा निकाली गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदमश्री प्रोफेसर अरविंद कुमार, विशिष्ट अतिथि संत अनंतवीर महाराज, विनोद तिवारी, कल्याणदास अग्रवाल, विनोद चौधरी, कारिंदा सिंह, सोनपाल जी, रोशनलाल, पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय आदि उपस्थित रहे दीनदयाल गऊ ग्राम परखम के पदाधिकारी श्री संजय शर्मा, राकेश, अमित जैन, नरेंद्र पाठक, नत्थीलाल पाठक, डीपी सिंह, और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे ।

**प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति अनावरण**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा













**दीनदयाल स्वदेशी केंद्र ग्रेटर नोएडा**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा






ग्रेटर नोएडा में गौ संरक्षण एवं पंचगव्य के महत्व पर 21 मार्च को संपन्न संवाद कार्यक्रम और पंचगव्य से बने उत्पादों के "दीनदयाल स्वदेशी केंद्र" का उद्घाटन क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, आशीष भैया जी, नितिन अग्रवाल, करनल लखन सिंह, डॉ. हेमेंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के सदस्यगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





**Ayuryog 2023 कॉन्फ्रेंस**

## दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा











दीनदयाल कामधेनु गौशाला फार्मेसी को बनारस में आयोजित विश्व आयुर्वेद कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट पंचगव्य उत्पादों के निर्माण के लिए एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया । समिति के उपस्थित सदस्य डॉ. हेमेंद्र, डॉ.अनुराग शर्मा, शशिकांत गुप्ता ने यह पुरस्कार ग्रहण किया । दीनदयाल कामधेनु गौशाला फार्मेसी को बनारस में 27-28 फरवरी को आयोजित विश्व आयुर्वेद कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट पंचगव्य उत्पादों के निर्माण के लिए एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया । समिति के उपस्थित सदस्यों में यह पुरस्कार ग्रहण किया ।

**आयुरवेट 2023 प्रेस कॉन्क्लेव**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा






आयुरवेट 2023 कॉन्क्लेव कॉन्फ्रेंस ऋषिकुल विश्विद्यालय हरिद्वार में 17-19 मार्च तक आयोजित की जाएगी । इस हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति एवं यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने कॉन्फ्रेंस से संबंधित जानकारी प्रेस के समक्ष रखी । उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में छात्रों के साथ साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक, शिक्षक भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे ।






वर्ष-1 अंक-73 पृष्ठ-8 मूल्य : 1 रूपये | संगठन का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है : बालियान | हरिद्वार, बृहस्पतिवार 16 मार्च 2023

## तीन दिवसीय आयुर्वेदिक कार्यशाला का आयोजन
## केंद्रीय मंत्री सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री भी होंगे सम्मलित

मिशन नेशनल न्यूज/नरेश तोमर

हरिद्वार। ऋषिकुल में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति और उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर से आयुर्वेद के जानकार और डॉक्टर इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सुनील जोशी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में आयुर्वेद को बढ़ावा देना है क्योंकि करोना के बाद आयुर्वेद का नाम देश विदेश में काफी आगे आ गया है और पशुओं में भी कई तरह के वायरस बीमारियां देखने को मिली और आज हमने आयुर्वेद के सफल इलाज से विजय भी पाई है वही दीनदयाल कामधेनु गौरक्षा समिति के मंत्री ने बताया कि पशुओं में स्वत: ही पर्यावरण की जानकारी होती है क्योंकि आपने देखा होगा बहुत सारे जानवर अपनी बीमारी की जड़ी बूटी खुद ही ढूंढ लेते हैं और जब पशु मनुष्य के टच में आ जाते हैं तो वह जड़ी बूटियों से दूर हो जाते हैं इसके माध्यम से हम यह दिखाना चाहते हैं आयुर्वेद से पशुओं का इलाज संभव है

**अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट 2023 कॉन्क्लेव**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा










अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट कॉन्क्लेव 2023 दिनांक 17,18,19 मार्च कोहरिद्वार में आयोजित हुई । प्रथम दिन कार्यक्रम में श्रीमान सुरेश भैया जी जोशी, श्रीमान शंकर लाल जी, श्रीमान अजीत महापात्र जी,श्रीमान के एन ई  राघवन जी, श्रीमान चिन्मय पांड्या जी, श्रीमान संजीव बाल्यान जी, श्रीमान अभिजीत मित्र जी,श्रीमान महेंद्र जी , श्रीमान सुनील जोशी जी, डॉ. हेमेंद्र मौजूद रहे । आयुर्वेद से पशु चिकित्सा विषय पर अपने तरह का देश का पहला कार्यक्रम था । देश से लगभग 1500 से ज्यादा आयुर्वेद और पशु चिकित्सा के विषय विशेषज्ञ तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया ।

**अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट 2023 कॉन्क्लेव**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
## दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा










अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट कॉन्क्लेव 2023 के दूसरे दिन Scientific Session की शुरुआत हुई l कार्यक्रम में श्रीमान महेंद्र मुंजपारा जी केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री . अखिल भारतीय संरक्षक गौसेवा गतिविधि श्रीमान शंकरलाल जी,अखिल भारतीय संयोजक गौसेवा गतिविधि श्रीमान अजीत महापात्र जी, अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख गौसेवा गतिविधि श्रीमान के एन ई राघवन जी,कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद यूनिवर्सिटी श्रीमान सुनील जोशी जी मौजूद रहे। देश के हर कोने से आए छात्रों एवं प्रोफेसरों ने आयुर्वेद और पशु चिकित्सा के विषय पर शोध पेपर प्रस्तुत किए।

अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट 2023 कॉन्क्लेव

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा











दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति,फरह मथुरा द्वारा हरिद्वार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट कॉन्क्लेव २०२३ का समापन हुआ । इस समापन सत्र में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी जी, बाबा रामदेव जी , सतपाल महाराज जी , राघवन जी , शंकरलाल जी, अजीत महापात्र जी, डॉ हेमेंद्र जी ,सुनील जी ने सभी का उत्साहवर्धन किया । बाबा रामदेव ने आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी । मुख्यमंत्री जी ने इस संगोष्ठी को समापन नही एक नए अध्याय की शुरुआत बताया । उन्होंने आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाए के लिए सभी को प्रेरित किया । आयोजकों द्वारा सभी छात्रों को सर्टिफिकेट एवं व्यवस्थाओं के बंधुओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । ऋषिकुल यूनिवर्सिटी के समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ ।

अंतर्राष्ट्रीय आयुरवेट कॉन्क्लेव

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा














**दीनदयाल स्वदेशी केंद्र देहरादून**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा









गागलहेड़ी थानांतर्गत देहरादून रोड पर स्थित हिंडन नदी पुल के पास दीनदयाल स्वदेशी केंद्र का आरएसएस के प्रांत गौ सेवा प्रमुख चंद्रशेखर व विभाग प्रचारक प्रवीण कुमार तथा डॉ आदित्य व प्रशांत ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया । श्री प्रवीण कुमार जी ने बताया कि स्वदेशी केंद्र पूर्ण रूप से स्वदेशी वस्तुओं का ही केंद्र है। केंद्र में सभी उत्पाद आयुर्वेदिक है ।

इस केंद्र पर सभी उत्पाद दीन दयालधाम फरह मथुरा के बने हुए हैं

प्रेस रिपोर्ट

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा

## पंचगव्य उत्पाद केन्द्र का शुभारंभ

जनसंदेश टाइम्स



आगरा। दीनदयाल स्वदेशी केंद्र का उद्घाटन महापौर नवीन जैन ने फीते की गांठ खोलकर किया। उदघाटन अवसर पर बोलते हुए नवीन जैन ने कहा कि यह एक पूर्ण स्वदेशी वस्तुओं का केंद्र है । केंद में सभी उत्पाद आयुर्वेदिक है और सभी जानते हैं आयुर्वेद हमारे जीवन में कितना लाभदायक है।

इस केंद्र पर सभी उत्पाद दीनदयाल धाम गौशाला फामेर्सी, फरह मथुरा के बने हुए हैं। अभी तक आमजनों को पंचगव्य निर्मित उत्पाद लेने दीनदयाल धाम मथुरा जाना पड़ता था, अब यह उत्कृष्ट उत्पाद यहीं आगरा में बोदला पर मिलेंगे।

लोग अगर यहीं के बने हुए प्रोडक्ट खरीदते हैं तो एक और बड़ा सेवा का कार्य करते हैं, क्योकिं यहां पर आपकी खरीद से गाय की सेवा भी होती है। इसलिए लोगों को प्रेरित करें और केंद्र का प्रचार प्रसार में सहयोग करें। अगर आपको घर पर सामान चाहिए तो ये भी सुविधा शैलेन्द्र शुक्ला के द्वारा प्रदान की जाएगी। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रांगढ में उपस्थित सभी से कहना है कि आयुर्वेद जीवन के लिए लाभदायक है और आप सभी दीनदयाल धाम के बने प्रोडक्ट का इस्तेमाल अपने घरों में करे ये सभी केमिकल मुक्त है।

इस अवसर पर शहर के समाजसेवी, राजनैतिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे। जिनमें प्रमुख रूप से क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, डॉ हेमेंद्र यादव , डॉ अनुराग शर्मा , शशिकांत गुप्ता ,मनोज , शिवशंकर शर्मा, हरि सिंह भदौरिया, प्रमोद चौहान, नितिन बहल, हरि किशोर, शिव शंकर शर्मा, हरिशंकर शर्मा, विनीत शर्मा, रजनीकांत गुप्ता, भीकम सिंह बिंदल, चौधरी धर्मवीर सिंह, हितेंद्र यादव, आशीष मिश्रा, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष मनोज बघेल, महामंत्री श्रीकांत शर्मा व मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र शुक्ला एवं स्वागत सुधीर गोयल ने किया।

## गौवंश से उर्जा विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

मनस्वी वाणी संवाददाता



ट्रांस हिंडन। दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में गौवंश से उर्जा विषय विचार गोष्ठी कैलाश मानसरोवर भवन में आयोजित किया गया। विचार गोष्ठी में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा इस विषय की विशेषता और लाभ पर वैज्ञानिक तथ्यों के साथ जानकारी साझा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ हेमेन्द्र ने कहा कि दीनदयाल गौ विज्ञान के प्रशिक्षण का आयाम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख विषय होगा नन-कन्वेशनल उर्जा - गौवंश के उर्जा का उपयोग कैसे की जा सकती है इसपर शोधकार्य चल रहा है।

इससे स्वरोजगार से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान चेयरमैन ओएनजीसी, अरुण कुमार सिंह ने आभासी माध्यम से कहा कि प्राइमरी ईनर्जी डिमांड 3% ग्रो हो रहा है उसका उत्पादन हम स्वयं करें जिसमें गोवंश भी एक है। उर्जा के चार प्रमुख स्रोत जो हमारे पास उपलब्ध है सौर उर्जा, एनीमल वेस्ट, इथनॅल, काऊ डंक। मुख्य अतिथि अभिजित मित्रा आयुक्त पशुपालन विभाग भारत सरकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पास 19 करोड़ गोवंश है, केवल 2 करोड़ दूध देती है। 52 नस्ल है जिसमें से 70% के नाम नहीं है। भारत सरकार का लक्ष्य 2025 तक गोवंस के नस्ल का नामकरण करना है। गाय का एक मात्र उपयोगिता दूध नहीं। साथ उन्होंने गाय के पालन हेतु भारत सरकार द्वारा किए जा रहे आर्थिक सहयोग की भी चर्चा की। अखिल भारतीय गौ-सेवा प्रमुख केईएम राघवन जी ने कहा कि 75% गाय जो दूध नहीं देती ऐसे गाय के गोबर से बायोगैस बनाए। हम अपने देश के चार लाख से आठ लाख करोड़ तक बचा सकते हैं अगर वायोगैस बनाते हैं। इसके माध्यम से गाय को भी हम बचा लेंगे। किचन वेस्ट से गैस बनाना, आदि। दो दीवसीय इस गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य गो आधारित कृषि, पंचगव्य चिकित्सा, गो-पालन, गो-उत्पाद, गो-उत्पाद बिक्री, टैरेस गार्डन, गो-कथा, गो-उर्जा, गो-विज्ञान परीक्षा था।



एमपीएस मेमोरियल स्कूल में एक दिवसीय व्यवसाय विकास गोष्ठी हुई।

## दीनदयाल धाम से सृजित होंगे रोजगार के अवसर

आगरा। एमपीएस मेमोरियल स्कूल, सिकंदरा में दीनदयाल धाम कामधेनु गौशाला फार्मेसी द्वारा एक दिवसीय व्यवसाय विकास गोष्ठी एवं नए उत्पाद प्रमोशन का कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, ब्रज प्रांत गौ प्रमुख रमाकांत, हरिशंकर, मेरठ प्रांत के गौ प्रमुख चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि आलोक अग्रवाल रहे। अतिथियों का स्वागत गोपाल राठी, संदीप, दीपक ने किया।

डा. आदित्य चौधरी ने गौशाला फार्मेसी द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बारे में जानकारी दी। दूसरे सत्र में अतिथियों ने नवीन पंचगव्य प्रोडक्ट का प्रमोचन किया। क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने कहा की गायों की रक्षा एवं ग्राम विकास की ओर कार्य करना है।

## दीनदयाल धाम में रोजगारपरक प्रशिक्षण किया जाएगा शुरू

आगरा। दीनदयाल धाम में रोजगार देने के साथ ही गायों की सुरक्षा, पंचगव्य आधारित चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने दी। कामधेनु गोशाला फॉर्मेसी की ओर से बुधवार को एमपीएस स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि गायों की सुरक्षा और गांवों के विकास की ओर कार्य करना है। दीनदयाल धाम रोजगार देने के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण भी देगा। डॉ. हेमेंद्र यादव ने आयोजन की जानकारी दी। डॉ. आदित्य चौधरी ने बताया कि गोशाला फार्मेसी में एलोवेरा सोप, दंत ज्योति, धूप, मधुमेह हरी चूर्ण, आरोग्य पेय, शेविंग क्रीम, आंवला मुरब्बा, लवण भास्कर चूर्ण, कफसूदा सीरप आदि बनाए जा रहे हैं। इससे पहले ब्रज प्रांत गो प्रमुख रमाकांत, हरिशंकर शर्मा, मेरठ प्रांत के गो प्रमुख चंद्रशेखर, आलोक कुमार ने शुभारंभ किया। मौके पर दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, डॉ. अनुराग शर्मा, शशिकांत गुप्ता, अभिषेक, मोहन सिंह चाहर आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**प्रेस रिपोर्ट**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा

05 द ब्लैक इंक www.tbi9.in ourcity आगरा, रविवार, 17 जुलाई 2022

## कोई भी कार्य छोटा नहीं होताः पूरन डावर

○ संघ प्रचारक महेंद्र ने कहा- कौशल से ही कुशल बनेगा आज का युवा

संवाददाता | द ब्लैक इंक



कार्यक्रम के दौरान मंच मौजूद अतिथि। tbiphoto

**आगरा।** विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति दीनदयाल धाम, फरह के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कौशल विकास के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा कर उन्हें समाज के साथ देश सेवा करने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ ... पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय, हरिगढ़ के कुलपति डॉ. चंद्रशेखर, कथा वाचक अतुल कृष्ण महाराज एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी पूरन डावर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्यवक्ता के रूप में ... यादव कहा कि ज्ञान, शिक्षा और अनुभव से आप कुशल उद्यमी बन सकते हैं। एमएसएमई के सहायक निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने छात्रों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया और गौ उत्पादों बारे में विशेष रूप से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र ने ... पाने के लिए ही ग्रहण कर रहे है, ऐसा नहीं होना चाहिए, शिक्षा संस्कारित हो एवं कौशलयुक्त हो। समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन बहल ने किया। इस अवसर पर दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, समिति के मंत्री डॉ. हरिराम भदौरिया, डॉ. ... पंचायत अध्यक्ष मथुरा श्रीकिशन चौधरी, तपन ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चंद्र गर्ग, कमल कौशिक, रणवीर, सुरेश चंद शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री चौधरी उदयभान सिंह, डॉ. रामनरेश शर्मा, राजवीर, प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती दीपक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, संपर्क प्रमुख विहिप ज्ञानेंन्द्र गौड, गोपाल राठी, विनीत शर्मा, पंकज लवानियां ...

### अपने अंदर विकसित करें कौशल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी पूरन डावर ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता, हमें अपने अंदर कुछ न कुछ कौशल डेवलप करना ही होगा। प्रसिद्ध कथावाचक अतुल कृष्ण महाराज ने गौ पालन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गाय के मूत्र में कैंसर के कीटाणु मारने की क्षमता होती है। उन्होंने बताया कि भारत की जीडीपी की ग्रोथ में गाय के पंचगव्य उत्पाद सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

स्वदेश आगरा - मुख्य संस्करण 16 July 2022

विश्व युवा कौशल दिवस

## स्वदेशी अपनाओं, युवाओं को उद्यमी बनाओ–महेंद्र जी

■ दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी

स्वदेश संवाददाता ■ दीनदयाल धाम, फरह



संगोष्ठी को संबोधित करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी।



संगोष्ठी में उपस्थित एमएसएमई के अधिकारी व छात्रगण।

आज हम शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए ही ग्रहण कर रहे हैं, ऐसा नही होना चाहिए। शिक्षा संस्कारित हो एवं कौशल से युक्त हो। आज का युवा कौशल से ही कुशल बनेगा। यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी का। शुक्रवार को वह दीनदयाल धाम, फरह में विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी उत्पादों को अधिक उत्पादन करते हुए उनका दैनिक उपयोग बढ़ाना चाहिए। इससे युवाओं को उद्यमी बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने युवाओं से कहा हमें नौकरी देने वाला बनना है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष पूरन डाबर ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता। हमें अपने अंदर कुछ न कुछ कौशल जरूर अपनाना चाहिए। कथावाचक अतुल कृष्ण जी ने गौ पालन पर जोर देते हुए कहा बड़े से बड़े रोग में गाय के पंचगव्य उत्पाद सहायक सिद्ध हो रहे हैं। एमएसएमई के उप निदेशक बृजेश यादव ने कहा कि ज्ञान, शिक्षा और अनुभव से युवा कुशल उद्यमी बन सकते हैं। सहायक निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने छात्रों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम को राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय, हरिगढ़ के कुलपति डॉ चंद्रशेखर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन बहल व धन्यवाद समिति के अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा ने दिया। संगोष्ठी में दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल जी, समिति के मंत्री डॉ. हरिराम भदोरिया, डॉ. हेमेंद्र यादव, डॉ. अनुराग शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, कमल कौशिक, प्रांत के पर्यावरण प्रमुख रणवीर जी, सुरेश चंद शर्मा, चौ. उदयभान आदि उपस्थित रहे।


**प्रेस रिपोर्ट**

# दीनदयाल कामधेनु गोशाला समिति
# दीनदयाल धाम, फरह, मथुरा

## शिव मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा और पं. दीनदयाल की मूर्ति का अनावरण

**फरह (छोटी सी बात)।** नवनिमार्णाधीन गौग्राम परखम में तीन दिवसीय शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और पंडित दीनदयाल जी की मूर्ति का अनावरण का कार्यक्रम अयोगित किया गया।

कलश यात्रा का प्रारंभ परखम ग्राम से शुरू होकर दीनदयाल गौ ग्राम स्थित शिवालय के नवनिर्मित मंदिर पर संपन्न हुआ।समापन सत्र मे मुख्य अतिथि पदमश्री प्रोफेसर अरविंद कुमार, विशिष्ट अतिथि विरक्त संत अनंतवीर महाराज, विनोद तिवारी, पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पं दीनदयाल जन्मभूमि स्मारक समिति उपाध्यक्ष डॉ रोशन लाल, सोनपाल निदेशक दीनदयाल धाम, शोभाराम शर्मा ब्लॉक प्रमुख, महेश गुप्ता विधायक बदायूं, विनोद चौधरी, शिव शंकर शर्मा पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण दास अग्रवाल ने करते गौ माता के विषय में अपने अनुभवों की विस्तार से चर्चा की। समापन कार्यक्रम में दीनदयाल गऊ ग्राम



समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों में डॉक्टर संजय शर्मा, राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष अमित जैन, नथीलाल पाठक, देवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र पाठक, डॉक्टर कमल कौशिक, जगमोहन पाठक, घनश्याम दास लोधी, अनुराग शर्मा, शशिकांत गुप्ता, महिपाल सिंह, गोविंद सिंह, तपन अधिकारी आदि लोग उपस्थित थे।

## ग्रौ ग्राम परखम में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

### दीनदयाल की मूर्ति का अनावरण

**यूनिक समय, मथुरा।** नवनिर्माणधीन गौग्राम परखम में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण किया। कलश यात्रा ग्राम परखम से शुरू होकर दीनदयाल गौ ग्राम स्थित शिवालय के नवनिर्मित मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि रानी लक्ष्मी बाई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रोफेसर अरविंद कुमार, विशिष्ट अतिथि अक्षय पात्र फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनंतवीर, सवीच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद तिवारी, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पं. दीनदयाल जन्मभूमि स्मारक समिति के उपाध्यक्ष डा. रोशन लाल, दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शोभाराम शर्मा , विधायक महेश गुप्ता, विनोद चौधरी एवं शिव शंकर शर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण दास अग्रवाल ने की।




पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति के अनावरण अवसर पर अतिथि और पदाधिकारी।

## कोसीकलां में 151 विप्र बुजुर्गों का सम्मान



## गाउग्राम परखम में हुई शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का किया अनावरण



मथुरा, (राजपथ मथुरा ब्यूरो)। नवनिर्माणधीन गौग्राम परखम में 16 से 18 फर. तक शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंडित दीनदयाल जी की मूर्ति का अनावरण का कार्यक्रम अयोगित किया गया। भव्य कलश यात्रा का प्रारंभ परखम ग्राम से शुरू होकर दीनदयाल गौ ग्राम स्थित शिवालय के नवनिर्मित मंदिर पर संपन्न हुआ। इस कलश यात्रा में परखम ग्राम की माताओं बहनों और ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समापन सत्र मे मुख्य अतिथि पदमश्री प्रो. अरविंद कुमार पूर्व कुलपति रानी लक्ष्मी बाई विश्वविद्यालय झांसी विशिष्ट अतिथि विरक्त संत अक्षय पात्र फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनंतवीर महाराज विनोद तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय कारिंदा सिंह पूर्व विधायक डॉ रोशन लाल उपाध्यक्ष पं दीनदयाल जन्मभूमि स्मारक समिति सोनपाल निदेशक दीनदयाल धाम सीमा उपाध्याय पूर्व सांसद शोभाराम शर्मा ब्लॉक प्रमुख महेश गुप्ता विधायक बदायूं विनोद चौधरी प्रमुख उद्योगपति शिव शंकर शर्मा पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण दास अग्रवाल प्रमुख समाज सेवी एवं उद्योगपति द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि पदमश्री अरविंद कुमार ने दीनदयाल गौ ग्राम की गोचर भूमि के विकास में अपना सहयोग देने का आश्वासन दियाए श्रीमती सीमा उपाध्याय एवं शोभाराम शर्मा ने अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनंतवीर महाराज ने वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संक्षिप्त में बताया। अधिवक्ता विनोद तिवारी ने एकात्म मानववाद की चर्चा करते हुए गौ माता की घर-घर सेवा करने का आह्वान किया।

समापन कार्यक्रम में दीनदयाल गऊ ग्राम समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण डॉ. संजय शर्मा राकेश शर्मा उपाध्यक्ष अमित जैन नथीलाल पाठक देवेंद्र प्रताप सिंह नरेंद्र पाठक डॉ. कमल कौशिक जगमोहन पाठक घनश्याम दास लोधी अनुराग शर्मा शशिकांत गुप्ता महिपाल सिंह गोविंद सिंह तपन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

